
भागीरथी बाल शिक्षा स० सै० स्कूल
कक्षा -IV, विषय - हिन्दी व्याकरण, पाठ - 2
' वर्ण विचार '




हम बोलते समय अपने मुख से अनेक ध्वनियाँ निकालते हैं। हमारे मुख से निकलने वाली ध्वनियों से ही भाषा बनती है। इन ध्वनियों को लिखने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें 'वर्ण' कहते हैं।

आपने चित्र में देखा चिड़िया चीं-चीं कर रही है, लड़का सीटी बजा रहा है, लड़की कह रही है–'यश, सुनो!'। इन सभी के मुख से ध्वनियाँ निकल रही हैं। किंतु भाषा में मनुष्य के मुख से निकली ध्वनियों को ही 'वर्ण' या 'अक्षर' कहते हैं।

'वर्ण' या 'अक्षर' भाषा की सबसे छोटी ध्वनि है, जिसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते; जैसे–

'सूरज' शब्द की ध्वनि है–स् + ऊ + र् + अ + ज् + अ (इन वर्णों के और टुकड़े नहीं किए जा सकते।) इस प्रकार हम कह सकते हैं कि–

**जिस ध्वनि के टुकड़े नहीं किए जा सकते, उसे 'वर्ण' कहते हैं।**

## वर्णों के प्रकार (Types of Letters)

हिंदी में वर्ण दो प्रकार के होते हैं– 1. स्वर (Vowels) 2. व्यंजन (Consonants)

स्वर और व्यंजन के समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं। हिंदी की वर्णमाला में ग्यारह (11) स्वर हैं तथा व्यंजनों की संख्या तैंतीस (33) है।

**स्वर–** अ आ इ ई उ ऊ
ऋ ए ऐ ओ औ



Scanned with CamScanner

## अयोगवाह (Exceptional Vowels)



हिंदी की वर्णमाला में स्वरों के साथ अं (अनुस्वार), अँ (अनुनासिक) तथा अः (विसर्ग) का प्रयोग भी किया जाता है। ये वर्ण न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन। इन्हें 'अयोगवाह' कहा जाता है।

**अनुस्वार ( ं )**–इसका उच्चारण नाक से किया जाता हैं; जैसे–कंगन, झंडा, बंदर आदि।

**अनुनासिक ( ँ )**–इसे चंद्रबिंदु भी कहा जाता है। इसका उच्चारण मुँह और नाक से किया जाता है; जैसे–हँस, चाँद, आँख आदि।



**विसर्ग ( : )**–इसका उच्चारण 'अह्' है। इसका प्रयोग संस्कृत के तत्सम शब्दों में किया जाता है; जैसे–अतः, प्रातः आदि।

## आगत ध्वनि (Foreign sound)

विदेशी भाषा के प्रभाव के कारण हिंदी में 'ऑ' ध्वनि का प्रयोग किया जा रहा है। इसका प्रयोग अंग्रेज़ी भाषा के शब्दों में किया जाता है; जैसे–बॉल, डॉक्टर आदि।



Scanned with CamScanner

1. वर्ण या अक्षर किसे कहते हैं?
2. वर्णों के प्रकार उदाहरण सहित बताइए।



## लिखकर बताइए

(Writing Skills)

1. **वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए** (Make word with letters)–



स् + ऊ + र् + अ + ज् + अ – ............सूरज............

क् + ओ + य् + अ + ल् + अ– ........................

क् + इ + र् + अ + ण् + अ – ........................

2. **(ं) या (ँ) का सही प्रयोग करके शब्द पूरे कीजिए** [Complete the word with (ं) or (ँ)]–

बंदर चाद आख झडा गाव साप शख कघा

3. **दिए गए व्यंजनों से एक-एक शब्द बनाइए** (Make words with given consonant)–

ड – ......डिब्बा...... ड़ – .................. ढ – .................. ढ़ – ..................

4. **सही मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए** (Complete the word with correct phonetic sound)–




...गिलहरी...



डमर.....



क....अ.....



ग....य

Scanned with CamScanner